जो राम नाम गुण गाता है, जीवन में बड़ा सुख पाता है।।

कपड़े में दाग लग जाता है, वो साबुन से धुल जाता है, जब कुल में दाग लग जाता है, उसे कोई छुड़ा नहीं पाता है, जो राम नाम गुण गाता हैं, जीवन में बड़ा सुख पाता है।।

जो सिर से साडी फिसल गई, नारी उसे तुरंत सम्भाल रही, जो नारी धर्म से फिसल गई, उसे कोई बचा नहीं पाता है, जो राम नाम गुण गाता हैं, जीवन में बड़ा सुख पाता है।।

बेटा जो माँ से रुठ गया, माता उसे तुरंत मनाती है, जो माँ बेटे से रुठ गई, उसे कोई मना नहीं पाता है, जो राम नाम गुण गाता हैं, जीवन में बड़ा सुख पाता है।।

माली ने बाग लगाया है, डाली पर फूल खिलाया है, जो पेड़ से डाली टुट गई, उसे कोई लगा नहीं पाता है, जो राम नाम गुण गाता हैं, जीवन में बड़ा सुख पाता है।।

सच बोलना यहाँ पर धर्म मेरा,नेकी पर चलना काम मेरा, जो नेक राह अपनाता है, वो परम पिता को पाता है, जो राम नाम गुण गाता हैं,

जीवन में बड़ा सुख पाता है।।जो राम नाम गुण गाता है, जीवन में बड़ा सुख पाता है।।